जागरण संवाददाता, बस्ती। अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान,अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त, एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह की अगुवाई वाली खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर नकली व फंगस युक्त पांच क्विंटल खोवा बरामद हुआ।

इसे जब्त कर लिया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत संचालित संयुक्त अभियान के क्रम में रविवार को थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक मिठाई की दुकान पर विशेष जांच की गई। टीम द्वारा दुकान पर उपलब्ध खोवा का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि दुकान में रखा गया लगभग 500 किलोग्राम खोवा पूर्णतः गुणवत्ता रहित था तथा उसमें भारी मात्रा में फंगस (फफूंद) लगी हुई थी।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/basti-basti-5-quintals-fake-fungus-laden-khoya-seized-in-raid-40159256.html